बरेली, शनिवार
5 नवंबर, 2022
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16

दैनिक जागरण

PAGE NO : 4 MIDDLE

# अकबर द ग्रेट नहीं रहे ... का मंचन देख लोटपोट हुए दर्शक

**जागरण संवाददाता, बरेली:** स्टेडियम रोड स्थित रिद्धिमा में आयोजित इंद्रधनुष रंग महोत्सव में शुक्रवार को पिय्रोट्स ट्रूप ने हास्य नाटक अकबर द ग्रेट नहीं रहे... का मंचन कर दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया। नाटक की शुरुआत अकबर की महानता पर सवाल उठाने से हुई। मंचन में दिखाया कि अकबर को स्वर्ग में अशोक से लेकर सिकंदर तक सहारा मिलता है, लेकिन अपना नाम बचाने के लिए उसे धरती के किसी बाशिंदे की जरूरत पड़ती है।

इंद्रधनुष रंग महोत्सव के अंतर्गत नाटक का मंचन करते कलाकार ● सौ. संस्था

अकबर की महानता पर यह कामिक टेक हमें स्वर्ग में 'विशेष क्षेत्र' से परिचित कराता है। राजाओं और सम्राटों के लिए, जो लोग उन्हें द ग्रेट कहते हैं। अकबर अपनी पहचान को दोबारा पाने और अपना नाम छुड़ाने के लिए निकलता है। जैसे ही अकबर अपने मिशन पर निकलता है, दर्शक नाटकीय कामेडी के रोलर कोस्टर से गुजरते हैं।

नाटक में सुमित भारद्वाज, भूमि एन सिराज, डा. एम सईद आलम जैसे देश के प्रमुख कलाकारों ने अभिनय किया।

नाटक मृणाल माथुर ने लिखा और डा. एम सईद आलम ने निर्देशित किया। आइजी रमित शर्मा, एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, गुरु मेहरोत्रा, सुभाष मेहरा, डा. एसबी गुप्ता, डा. आरपी सिंह, डा. प्रभाकर गुप्ता आदि रहे।